# कंवर  दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर

# जनपद  कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश )
# वार्षिक प्रतिवेदन 2025-2026

## मुख्य अतिथि का स्वागत

इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि  माननीय ई० यादविन्द्र गोमा जी कैबिनेट मंत्री (आयुष, युवा सेवाएँ और खेल, कानून एवं विधि परामर्श) हिमाचल प्रदेश  हैं। महाविद्यालय परिवार के लिए यह गर्व और परम सौभाग्य की बात है कि हमें आपके सानिध्य का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मैं, महाविद्यालय प्राचार्य, प्रो अरुण चंद्र  महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग, केंद्रीय छात्र परिषद, समस्त विद्यार्थियों एवं अपनी ओर से आपका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता हूँ। साथ ही, इस समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी मैं सहृदय स्वागत करता हूँ, जिनकी उपस्थिति से यह कार्यक्रम और अधिक उल्लासपूर्ण एवं गरिमामय हो गया है।

## महाविद्यालय का परिचय

यह महाविद्यालय महाराजा संसार चंद की जन्मभूमि एवं ऐतिहासिक महत्व की नगरी जयसिंहपुर में स्थित है। वर्षों से यह संस्थान इस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का प्रकाश स्तंभ बनकर उभरा है, जो न केवल शिक्षा के प्रसार में सहायक है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

संस्थान में शैक्षणिक विस्तार एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए, इस कॉलेज  में Bachelor of Computer Applications (**BCA**) एवं  Post Graduate Diploma in Computer Application **(PGDCA)** जैसे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम पढाये जा रहे  हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जोड़कर उनके करियर को सशक्त बनाना है। आधुनिक तकनीकों एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के प्रति छात्रों की रुचि को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय निरंतर प्रयासरत है।

पूर्व में यह संस्थान "ब्यास  वैली निजी महाविद्यालय" के रूप में संचालित था। क्षेत्रीय जनता की जन-भावनाओं एवं इस क्षेत्र की शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, **6** फरवरी **2007** को तत्कालीन प्रदेश सरकार द्वारा इसका अधिग्रहण किया गया और इसे "कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर" नाम प्रदान किया गया।

आज यह महाविद्यालय अपने भव्य भवन में संचालित हो रहा है, और इसका परिसर विस्तार एवं आधारभूत संरचना का विकास लगातार प्रगति पर है, जिससे विद्यार्थियों को और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

मान्यवर, आपने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद इस समारोह में उपस्थित होकर हमें कृतार्थ एवं गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय परिवार आपका हृदय से आभार प्रकट करता है।

अब मैं आपके समक्ष सत्र **2025-26** का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

## विद्यार्थी संख्या

इस महाविद्यालय में सत्र 2025-2026 के दौरान तीनों संकायों में विद्यार्थियों की कुल संख्या इस इस प्रकार है -

| क्रमांक | | कक्षा | छात्र | छात्राएं | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कला संकाय | बी.ए प्रथम | 27 | 39 | 66 |
| 2 | | बी.ए द्वितीय | 13 | 20 | 33 |
| 3 | | बी.ए तृतीय | 14 | 50 | 64 |
| 4 | वाणिज्य संकाय | बी. कॉम प्रथम | 19 | 27 | 46 |
| 5 | | बी. कॉम द्वितीय | 4 | 14 | 18 |
| 6 | | बी. कॉम तृतीय | 13 | 14 | 27 |
| 7 | विज्ञान संकाय | बी. एस. सी प्रथम | 10 | 15 | 25 |
| 8 | | बी. एस. सी द्वितीय | 1 | 14 | 15 |
| 10 | | बी. एस. सी तृतीय | 3 | 8 | 11 |
| योग | | | **104** | **201** | **305** |

महाविद्यालय में BCA एवं PGDCA जैसे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम चल रहे हैं जिनमें इस सत्र के दौरान विद्यार्थियों की कुल संख्या इस प्रकार है-

| क्रमांक | | कक्षा | छात्र | छात्राएं | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **BCA** | प्रथम वर्ष | 32 | 26 | 58 |
| 2 | **BCA** | द्वितीय वर्ष | 45 | 13 | 58 |
| 2 | **PGDCA** | प्रथम वर्ष | 2 | 10 | 12 |
| योग | | | 79 | 49 | 128 |

## प्राध्यापक वर्ग

| विषय | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|

| | | स्थायी | अनुबंधित | |
|---|---|---|---|---|
| प्राचार्य | **01** | **01** | **-** | **-** |
| इंग्लिश | **01** | **01** | **-** | **-** |
| हिंदी | **01** | **-** | **-** | **01** |
| अर्थशास्त्र | **01** | **01** | | **-** |
| राजनीति शास्त्र | **01** | **-** | **01** | **-** |
| इतिहास | **01** | **01** | **-** | **-** |
| गणित | **02** | **01** | **01** | **-** |
| भूगोल | **01** | **-** | **01** | **-** |
| शारीरिक शिक्षा | **01** | **-** | **-** | **01** |
| मनोविज्ञान | **01** | **-** | **01** | **-** |
| दर्शनशास्त्र | **01** | **-** | **01** | **-** |
| संगीत (वादन ) | **01** | **-** | **01** | **-** |
| वाणिज्य विज्ञान | **02** | **01** | **01** | **-** |
| भौतिकी | **02** | **01** | **-** | **01** |
| रसायन शास्त्र | **02** | **01** | **01** | **-** |
| वनस्पति विज्ञान | **01** | **-** | **01** | **-** |
| जीव विज्ञान | **02** | **-** | **01** | **01** |
| योग | **22** | **08** | **10** | **04** |

## गैर-शिक्षक वर्ग

| वर्ग | स्वीकृत पद | स्थाई पद अनुबंधित पद | | खाली पद | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| पुस्तकालय अध्यक्ष | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| पुस्तकालय परिचर | **01** | **-** | **-** | **01** | **-** |
| रिस्टोरर | **01** | **-** | **-** | **01** | **-** |
| लैब अटेंडेंट | **05** | **02** | **-** | **03** | **-** |
| जूनियर लैब अटेंडेंट | **02** | **-** | **-** | **02** | **-** |
| तबला वादक | **01** | **-** | **-** | **01** | **-** |
| सुपरिंटेंडेंट ग्रेड **I** | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| सुपरिंटेंडेंट ग्रेड **II** | **01** | **-** | **-** | **01** | **-** |
| सीनियर असिस्टेंट | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| क्लर्क | **03** | **01** | **01** | **01** | **-** |
| स्टोर कीपर | **01** | **01** | **-** | **01** | **-** |
| चौकीदार ( दिन /रात ) | **02** | **02** | **-** | **-** | **-** |
| चपरासी | **03** | **02** | **-** | **01** | **-** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| माली | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| सफ़ाई कर्मचारी | **02** | **-** | **-** | **02** | |
| योग | **26** | **12** | **01** | **15** | **-** |

## आगमन एवं प्रस्थान

स्थानांतरण सरकारी सेवाओं का अभिन्न पहलू है।इस सत्र में निम्न स्थानांतरण हुए हैं:-

वर्तमान सत्र में निम्नलिखित गैर शिक्षक कर्मचारी इस महाविद्यालय में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से स्थानांतरित होकर आए जो इस प्रकार से हैं**:-**

प्रो अरुण चंद्र (प्राचार्य)
डॉ. विकास राणा ( प्राध्यापक, अंग्रेज़ी )
श्री अतुल कुमार (वरीषठ सहायक )

सत्र में निम्नलिखित शिक्षक व गैर शिक्षक इस महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर अन्य महाविद्यालयों में गए**:-**

श्री मिल्खी राम ( सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड 2 )

## नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत एवं शैक्षणिक संसाधन

महाविद्यालय में Bachelor of Computer Applications (**BCA)** एवं Post Graduate Diploma in Computer Application (**PGDCA)** जैसे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम चल रहे हैं, जिनके प्रथम सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रवेश लिया। इन पाठ्यक्रमों के सफल संचालन हेतु आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों की व्यवस्था की गई तथा पुस्तकालय में संबंधित पुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष अध्ययन के साथ-साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी दिखाई, जिससे उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों में सकारात्मक वृद्धि हुई।

## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

महाविद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। नए पाठ्यक्रमों **BCA** एवं **PGDCA** के द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। BCA प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में 99 प्रतिशत व 99.9 प्रतिशत, एवं PGDCA में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ। जो उनकी मेहनत और संकाय सदस्यों के समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह सफलता महाविद्यालय के उच्च शैक्षणिक स्तर और प्रभावी शिक्षण प्रणाली को भी दर्शाती है।

## छात्रवृत्तियां

सरकार के द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत सत्र 2025-2026 के लिए विभिन्न छात्रवृत्तियों के लिए बजट आबंटन हेतु विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।

| संख्या | छात्रवृत्ति | छात्र |
|---|---|---|
| **1** | कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना हिमाचल प्रदेश | **03** |
| **2** | सेंट्रली स्पॉन्सर्ड पोस्ट मेट्रिक स्कालरशिप फॉर **SC** स्टूडेंट्स | **40** |
| **3** | **PM यशस्वी पोस्ट मेट्रिक स्कालरशिप फॉर OBC ,EBC एंड DNT स्टूडेंट्स ऑफ़ H.P** | **23** |
| **4** | सेंट्रली सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स | **2** |
| **5** | पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप फॉर स्टूडेंट विद डिसएबिलिटीज | **1** |

इसके अतिरिक्त, हमारे महाविद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से गैर-सरकारी छात्रवृत्तियाँ भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इनमें "रमा गांधी छात्रवृत्ति योजना" एवं "दुर्गा दास छात्रवृत्ति योजना" शामिल हैं, जिनके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में सहायता दी जाती है।

इसके साथ ही, इस वर्ष हमारे महाविद्यालय से 10 छात्रों ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (PM Internship Scheme) में अपना पंजीकरण भी कराया है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। यह योजना छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

## पुस्तकालय

विद्यार्थियों में ज्ञान एवं बौद्धिक विकास हेतु पुस्तकालय की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारा पुस्तकालय समृद्ध पुस्तक एवं पत्रिका संग्रह के साथ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए एक आदर्श अध्ययन केंद्र है। वर्तमान में पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से संबंधित **5902** पुस्तकें उपलब्ध हैं, जो छात्रों को उनके शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होती हैं।

हमारे पुस्तकालय में **4** पत्रिकाएं एवं **7** समाचार पत्र उपलब्ध हैं, जिनमें रोज़गार समाचार भी शामिल है, जो विद्यार्थियों को नवीनतम करियर संबंधी जानकारी प्रदान करता है। पुस्तकालय में **50** विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा उपलब्ध है, जिससे वे शांत वातावरण में अध्ययन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों के लिए एक पृथक विभाग बनाया गया है। बारह टेबल कैबिन पर चार्जिंग सॉकेट्स की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे सभी अपने डिजिटल साधनों का भी उपयोग कर सकें।

महाविद्यालय में प्रारंभ किए गए स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों **(BCA** एवं **PGDCA)** से संबंधित पुस्तकों को भी पुस्तकालय में शामिल किया गया है। विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों के अलावा विस्तृत अध्ययन हेतु प्रेरित करने के लिए एक अलग संदर्भ अनुभाग भी पुस्तकालय में उपलब्ध है, जहाँ वे गहन अध्ययन एवं शोध कार्य कर सकते हैं।

तकनीकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष से पुस्तकालय में ऑनलाइन पुस्तक निर्गम एवं वापसी सुविधा प्रारंभ की गई है, जिससे छात्रों को डिजिटल माध्यम से पुस्तकें प्राप्त करने एवं लौटाने की सुविधा मिल रही है। हमारा पुस्तकालय छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सतत समर्पित है और भविष्य में इसे और समृद्ध करने के प्रयास जारी पुस्तकालय में टांकरी लिपि  और पहाड़ी भाषा के लिए अलग से संभाग स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

## केन्द्रीय छात्र परिषद

लोकतांत्रिक मूल्यों के निर्माण में केंद्रीय छात्र परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छात्र परिषद का गठन किया जाता है।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र **2025-26** में छात्र परिषद का मनोनयन  अक्तूबर **2025** में लिंगदोह समिति की सिफ़ारिशों के अनुरूप संपन्न करवाया गया। वार्षिक परीक्षाओं की योग्यता सूची में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया। चयनित प्रतिनिधियों में से वरीयता क्रम के आधार पर निम्नलिखित प्रमुख पदाधिकारी चुने गए:

| स. न | नाम | कक्षा | पद |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पायल | बी. ए. तृतीय | अध्यक्ष |
| 2 . | अमिता | बी. एस.सी.तृतीय | उपाध्यक्ष |
| 3. | तान्या चौहान | बी.कॉम.प्रथम | महासचिव |
| 4. | खुशबू | बी. एस. सी प्रथम | संयुक्त सचिव |
| **5.** | रिशिका कुमारी | बी.ए. प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **6.** | पायल | बी.कॉम. प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **7.** | अंशिका | बी.एस.सी. प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **8.** | सायना | बी.ए. द्वितीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **9.** | अंशिका | बी.कॉम. द्वितीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **10.** | रिशिता सुगा | बी.एस.सी. द्वितीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **11.** | संध्या कुमारी | बी.ए.तृतीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **12.** | विभा | बी.कॉम. तृतीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **13.** | कार्तिक कुमार | बी.एस.सी.तृतीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **14.** | केशव | बी.सी.ए.प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **15.** | साहिल कटोच | बी. सी. ए. तृतीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **16.** | मुस्कान | पी.जी.डी.सी.ए.प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **17.** | निखिल | बी.ए.द्वितीय | खेल |
| **18.** | पलक | बी. ए. तृतीय | खेल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **19.** | स्वस्तिका | बी. ए.तृतीय | एन.एस.एस. छात्रा यूनिट-I |
| **20.** | अर्पित | बी.ए. तृतीय | एन.एस.एस.छात्र यूनिट-I |
| **21.** | कशिश | बी.एस.सी.द्वितीय | एन.एस.एस.छात्रा यूनिट-II |
| **22.** | शुभम भारती | बी.सी. ए.तृतीय | एन.एस.एस.छात्र यूनिट-II |
| **23.** | हर्षिता | बी.एस.सी.द्वितीय | संस्कृति |
| **24.** | गौरव | बी.ए. तृतीय | संस्कृति |
| **25.** | शिवानी | बी.ए. तृतीय | क्लब/सोसाइटी |
| **26.** | हिमांशु | बी. कॉम. तृतीय | क्लब/सोसाइटी |
| **27.** | नीना | बी.ए.तृतीय | रेंजर |
| **28.** | अभय कुमार | बी. ए.तृतीय | रोवर |

छात्र परिषद न केवल महाविद्यालय में शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन में सहायक होती है, बल्कि विद्यार्थियों के सामाजिक उत्तरदायित्व को भी विकसित करती है। महाविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और छात्रों के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने में इसका विशेष योगदान रहता है।

## अभिभावक-अध्यापक संघ

इस वर्ष अभिभावक-अध्यापक संघ का गठन सितंबर 2025 को किया गया।अभिभावक-अध्यापक संघ का महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। संघ की कार्यकारिणी सदस्यों की सूची निम्नलिखित प्रकार से है:-

| | |
|---|---|
| संरक्षक | प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र |
| अध्यक्ष | श्रीमति सुनीता कुमारी |
| उपाध्यक्ष | श्री अमर सिंह |
| सचिव | प्रो.किरण शर्मा |
| संयुक्त सचिव | श्रीमति सविता मिश्रा |
| मुख्य सलाहकार | श्रीमति बबलेश कुमारी |
| कोषाध्यक्ष | श्रीमति अनुराधा |
| कार्यकारिणी सदस्य | डॉ.विकास राणा<br>डॉ. अर्पित कायस्थ<br>प्रो. हरजिंदर सिंह<br>श्रीमति चंद्रेश कुमारी<br>श्रीमति संतोष कुमारी<br>श्रीमति पूनम कुमारी |
| अंकेक्षक | प्रो. अरविंद कुमार<br>श्री प्रवीण मिश्रा |

## सांस्कृतिक गतिविधियां एवं उपलब्धियां:

सांस्कृतिक गतिविधियां ही देश तथा समाज  की सजीवता और समृद्धि के अतिरिक्त मानवीय जीवन मूल्य की परिचायक होती हैं। समाज की समग्र साधना और आकांक्षाएं इन्हीं गतिविधियों से परिलक्षित होती हैं। उनकी अभिव्यक्ति के माध्यम से युवा पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति लगाव और समर्पण की अनुभूति होती है तथा व्यवहारिक एकता का सूत्रपात भी होता हैं। इसी दृष्टिकोण के तहत विद्यार्थियों की कलात्मक शक्ति को उभारने हेतु सांस्कृतिक गतिविधियों में उन्हें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**.**सत्र **2025 -26** में प्रो ललिता शर्मा सहायक प्रोफेसर संगीत विभाग के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्रों ने स्थानीय व  राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्रों ने इस सत्र में राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव में भी भाग लिया।

सत्र 2025-26 में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रो. ललिता शर्मा के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यूथ फेस्टिवल ग्रुप -1 (creativity) व ग्रुप-3 (Group folk dance) प्रयोगशाला सहायक मुकेश कुमार के नेतृत्व में अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। जिसके अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियां शामिल रहीं। इसका ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया है।

**Group-1( creativity)**

| **S. No** | **Particulars** | **No.of Participants** | **Date** | **Venue** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **Declamation** | **0** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **2** | **Quiz** | **3** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **3** | **Debate** | **0** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **4** | **On the spot painting** | **1** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **5** | **collage** | **1** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **6** | **Poster making** | **1** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **7** | **Clay modeling** | **0** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **8** | **Cartooning** | **0** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **9** | **Rangoli** | **0** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |
| **10** | **Spot photography** | **0** | 13th to 15th Oct 2025 | **Govt Degree College Nah** |

Group-3 (**Group folk dance)**

| **S. No** | **Particulars** | **No.of Participants** | **Date** | **Venue** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **Jhamakra** | **15** | **12th to 15th Nov. 2025.** | **Govt.College Una.** |

## खेलकूद गतिविधियां

खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। महाविद्यालय के सत्र 2025-26 में प्रो. रविन्दर कुमार व खेल प्रभारी प्रो. सचिन कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में खेल भावना जागृत करने के लिए तथा उन्हें विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया। परिणामस्वरूप इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिताओं कबड्डी(पुरुष), वॉलीबॉल (पुरुष), वॉलीबॉल ( महिला), एथलेटिक्स (पुरुष) तथा खो-खो में भाग लिया और उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन 29–08-2025 और 12-09-2025 को किया गया। इस आयोजन में वॉलीबॉल और बैडमिंटन एकल (महिला और पुरुष) वर्ग की प्रतियोगिताएं हुई। वॉलीबॉल प्रत्योगिता में 5 टीमों और बैडमिंटन एकल में 18 खिलाड़िओं ने भाग लिया।

इस वर्ष की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 30 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र - छात्राओं के लिए सबसे पहले 100 मी, 200 मी, 400 मी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तत्पश्चात लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, डिस्कस थ्रौ , जैवलिन थ्रो , शॉट पुट आदि प्रतियोगिताएं भी हुई । खेलकूद के अतिरिक्त महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर - रेंजर ,रोड सेफ्टी क्लब, रेड-रिबन क्लब, द्वारा मार्च-पास्ट भी आकर्षण का केंद्र रहा। वार्षिक खेलकूद पुरुष वर्ग में आदित्य व विजय B.A.-I वर्ष ने और महिला वर्ग में आरती B.A-III को बेस्ट-एथलीट चुना गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र द्वारा पदक देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिक सत्र 2025-26 में महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया :-

| S. No | Particulars | No of Participants | Performance | Date | Venue |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Kabaddi (boys)** | 11 | Pre-Quarter Final | 24 to 27 Sep. 2025 | G.D.C. Nadaun |
| 2 | **Volleyball (boys)** | 10 | Participation | 07 to 10 Oct. 2025 | Gautam College Hamirpur |
| 3 | **Volleyball (girls)** | 09 | Participation | 19 to 21 Nov. 2025 | S.C.V.B.G.C Palampur |
| 4 | **Atheletic (Boys)** | 06 | Participation | 08 to 10 Dec. 2025 | G.D.C Bilaspur |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **5** | **Kho-Kho (girls)** | 10 | Participation | 09 to 10 Dec. 2025 | G.D.C. Baijnath |

## राष्ट्रीय सेवा योजना :

महाविद्यालय में सत्र 2025 - 26 में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों के अंतर्गत **200** स्वयंसेवक पंजीकृत है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यभार कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरजिंदर सिंह व डॉ. शिवानी ने संभाला है। इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति का गठन किया गया और उसके अंतर्गत दिये गए दिशा - निर्देशों के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया जो कि इस प्रकार से हैं :-

- 21 जून 2025 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा योग दिवस मनाया गया।
- 28 जुलाई 2025 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा कारगिल दिवस मनाया गया।
- 13 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा Say No To Ragging, कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- 23 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा महाविद्यालय परिसर में " एक पेड़ माँ के नाम " अभियान चलाया गया।
- 24 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्थापना दिवस तथा कंवर दुर्गा चंद जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।
- 06 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा दो दिवसीय साफ सफाई व स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।
- 31 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई ।
- 14 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा Kitchen Garden Camp का आयोजन किया गया।
- 1 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा World AIDS Day पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 17 दिसंबर 2025 से 23 दिसंबर 2025 तक सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया, यह शिविर गांव डलू में लगाया गया था। वहां पर स्वयंसेवियों ने गांव के लोगों से मेल-जोल बढ़ाया। हालेर ग्राउंड और बीजापुर मंदिर व जल स्त्रोतों

की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम में नशे के खिलाफ जागरूकता  अभियान एवं सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन तथा योग साधना जैसे कार्यक्रम भी इस शिविर में शामिल रहे।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर :

महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) इकाई का शुभारम्भ सत्र 2025–26 में किया गया। इस इकाई का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति, सेवा-भाव तथा व्यक्तित्व विकास की भावना का संवर्धन करना है। एनसीसी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सैन्य प्रशिक्षण की मूलभूत समझ, शारीरिक दक्षता, आपदा प्रबंधन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया जाता है।
इस इकाई के लिए 80 कैडेटों की ट्रूप स्वीकृत की गई है। महाविद्यालय की एनसीसी इकाई 5 HP Battalion NCC Dharamshala के अधीन कार्य कर रही है। इकाई के संचालन एवं समन्वय हेतु प्रो. रजनी देवी (सहायक आचार्य, दर्शनशास्त्र) को एनसीसी CTO नियुक्त किया गया है। यह इकाई अपने प्रथम वर्ष में ही सक्रिय रूप से विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर सशक्त शुरुआत कर चुकी है।

- 22-11-2025:- एनसीसी कैडेटों द्वारा 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और सांस्कृतिक गौरव की भावना को सुदृढ़ किया ।

- 26-11-2025:- एनसीसी इकाई द्वारा संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सभी कैडेटों ने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा और सम्मान की शपथ (Pledge) ली तथा लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित की।

- 29 दिसंबर 2025 से 7 जनवरी 2026 तक आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेटों की सक्रिय भागीदारी रही। यह शिविर "माउंट शिवालिक स्कूल शिमला" में आयोजित हुआ, जिसमें कैडेटों ने ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, हथियारों की मूल जानकारी, व्यक्तित्व विकास तथा टीम-वर्क जैसे विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किए।
- 26-01-2026 :- एनसीसी कैडेटों ने गणतंत्र दिवस परेड में सक्रिय रूप से भाग लिया, जो जयसिंहपुर मैदान में आयोजित हुई। कैडेटों ने अनुशासित परेड प्रदर्शन कर महाविद्यालय की गरिमा को गौरवान्वित किया तथा राष्ट्रभक्ति की भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

## Faculty Development Programme (FDP):-

**.** डॉ विकास राणा ने **3** जुलाई से **9** जुलाई **2025** में आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ  द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक **FDP** में भाग लिया तथा डॉ विकास राणा ने **2025** में **Department**

**of English pragati Engineering college Kalinada** द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक **FDP** में भी भाग लिया ।

.

. डॉ विकास राणा व प्रो.रविन्द्र कुमार ने **25 -31** जुलाई **2025** में **department of English, Mohamed sathak college of Arts and science, sholinganallur, chennai ,Tamilnadu** द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक **FDP** में भाग लिया।

. डॉ विकास राणा व डॉ अर्पित कायस्थ ने **19 - 26** अगस्त **2025** में **MMTTC Punjabi university Patiala** के द्वारा आयोजित एक सप्ताहिक **FDP** में भाग लिया ।

. प्रो. किरन शर्मा ने अगस्त **2025** में **lovely professional university** द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक **FDP** में भाग लिया।

. प्रो. विकास कलोत्रा ने **11** दिसम्बर से **24** दिसम्बर **2025** में **MMTTCP Hansraj college, university of Delhi** से **2** साप्ताहिक **FDP** में भाग लिया।

. डॉ. इंद्र कुमार ने **10 - 18** सितम्बर **2025** में **MMTTCP Central university of Jammu** से एक साप्ताहिक **FDP** में भाग लिया

. डॉ. सुमिक्षल सूद ,प्रो. अरविंद कुमार और प्रो. हरजिंदर सिंह ने **10 - 16** जुलाई **2025** में **MMTTC Hansraj college, university of Delhi** से एक साप्ताहिक **FDP** में भाग लिया।

## <u>Faculty Induction Programme (FIP) :</u>-

. प्रो. सचिन कुमार ने 22-12-2025 से 22-01-2026 में MMTTP coimbatore Institute of technology ( CIT) द्वारा आयोजित एक माह FIP में भाग लिया

. डॉ. आस्था गुप्ता ने **1** जनवरी **2025** में **MMTTC Ramanujan college Delhi** द्वारा आयोजित एक माह **FIP** में भाग लिया।

. डॉ. शिवानी ने जनवरी 2025 में Central University of Haryana द्वारा आयोजित एक माह FIP में भाग लिया।

**Conferences**:-

प्रो. विकास राणा, प्रो.रविन्द्र कुमार, डॉ. अर्पित कायस्थ, प्रो. विकास कलोत्रा, डॉ. इंदर कुमार, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. किरण शर्मा, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. रजनी देवी, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. हरजिंदर सिंह, प्रो. अंशु देवी, प्रो. ललिता शर्मा, डॉ. आस्था गुप्ता, प्रो. सरजनी, प्रो. पूनम शर्मा और डॉ. शिवानी ने नवंबर 2025 में Govt. Degree College, NERWA द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

प्रो. विकास राणा, प्रो.रविन्द्र कुमार, डॉ. अर्पित कायस्थ,प्रो. विकास कलोत्रा, डॉ. इंदर, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. किरण शर्मा प्रो.अरविंद कुमार, प्रो.रजनी देवी, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. हरजिंदर सिंह, प्रो. अंशु देवी, प्रो. ललिता शर्मा, डॉ.आस्था गुप्ता, प्रो.सरजनी ने नवंबर 2025 में Govt. Degree College, Sujanpur द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

प्रो. विकास राणा, प्रो.रविन्द्र कुमार, प्रो. विकास कलोत्रा, डॉ. अर्पित कायस्थ, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. किरण शर्मा प्रो.अरविंद कुमार, प्रो.रजनी देवी, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. हरजिंदर सिंह, प्रो. अंशु देवी, प्रो. डॉ.आस्था गुप्ता, प्रो.सरजनी September 2025 में Dr. Sarvepalli Radhakrishnan Govt. Degree College Dharampur, Mandi (H.P.) द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

प्रो. विकास राणा, ने Govt Degree College, Reckong Peo व् The Achievers Foundation for English Studies, Uttar Pradesh द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।

डॉ. अर्पित कायस्थ ने Govt College Bhoranj व् Dr. Y.S. Parmar Govt Collee, Nahan द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।

प्रो. विकास राणा, प्रो.रविन्द्र कुमार, डॉ. शिवानी ने नवंबर 2025 में Govt P.G. College, Chamba द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।

प्रो. विकास राणा, डॉ. अर्पित कायस्थ, प्रो.रविन्द्र कुमार, प्रो.अरविंद कुमार, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. हरजिंदर सिंह ने नवंबर 2025 में Govt Degree College, Dehar द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।

प्रो. विकास राणा, डॉ. अर्पित कायस्थ, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. हरजिंदर सिंह ने October 2025 में Pandit Sant Ram Govt Degree College, Baijnath द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।

## Workshop:-

प्रो. विकास राणा, प्रो.रविन्द्र कुमार, डॉ. अर्पित कायस्थ, प्रो. विकास कलोत्रा, डॉ. इंदर, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. किरण शर्मा, प्रो.अरविंद कुमार, प्रो.रजनी देवी, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. हरजिंदर सिंह, प्रो. अंशु देवी, प्रो. ललिता शर्मा, डॉ.आस्था गुप्ता, प्रो.सरजनी, प्रो.पूनम शर्मा और डॉ. शिवानी ने नवंबर 2025 में GOVT COLLEGE, NERWA द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय वर्कशॉप में भाग लिया।

## Publications:-

डॉ. अर्पित कायस्थ के द्वारा Glimpses, जर्नल में एक शोध पत्र प्रकाशित किया गया ।

डॉ. इंदर कुमार के द्वारा Chemical communication and Asian journal of organic chemistry में दो शोध पत्र प्रकाशित किया गया ।

डॉ. सुमिक्षल सूद, के द्वारा international conference on advances in mathematics and applied Sciences, जर्नल में एक शोध पत्र प्रकाशित किया गया ।

प्रो. किरण शर्मा के द्वारा Contemporary Social Sciences, जर्नल में एक शोध पत्र प्रकाशित किया गया ।

## Refresher Course:-

प्रो. विकास राणा, प्रो.रविन्द्र कुमार, प्रो. विकास कलोत्रा, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. हरजिंदर सिंह, प्रो. अंशु देवी,, डॉ.आस्था गुप्ता, प्रो. सरजनी, प्रो. पूनम शर्मा ने December 2025 में Hansraj College, University of Delhi से Interdisciplinary विषय में पंद्रह दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

डॉ. अर्पित कायस्थ ने August 2025 में Punjabi University से Research Methodology and Ethics विषय में पंद्रह दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

डॉ. शिवानी ने July 2025 में Himachal pradesh University से Life Sciences विषय में पंद्रह दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

## PhD Completion:-

डॉ. शिवानी ने वर्ष 2025 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से पी.एच.डी की डिग्री प्राप्त की।

## रेड रिबन क्लब:-

रेड रिबन क्लब भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक आंदोलन है जिसके माध्यम से छात्र एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद करते हैं। यह क्लब नियमित रूप से आस पास के गावों में रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स के बारे में जागरूकता फैलाता है। एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कॉलेज में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया। क्लब में कुल 50 छात्र नामांकित हैं। कॉलेज द्वारा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता अभियान, पोस्टर बनाना, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियानों, रैलियों, नाटकों, परिचर्चाओं आदि के माध्यम से एचआईवी/एड्स से संबंधित जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है। हमारे छात्रों ने समय- समय पर सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

नोडल अधिकारी:- प्रो. किरण शर्मा
सह प्रभारी:- प्रो. रजनी देवी

**2025-26** में रेड रिबन क्लब द्वारा संचालित गतिविधियां:

1.रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता और रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर को किया गया।

2. रेड रिबन क्लब के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर दिनांक 01/12/2025 को लेक्चर का आयोजन किया गया।

3. रेड रिबन क्लब के द्वारा "निक्षय मित्र" स्वयंसेवक बनाए जाने के अभियान में सराहनीय कार्य किया गया, जिसके आधार पर महाविद्यालय को जिला कांगड़ा के सभी महाविद्यालयों में शीर्ष पाँच रेड रिबन क्लबों में स्थान प्राप्त हुआ।

## रोवर्स एवं रेंजर्स:-

महाविद्यालय की रोवर–रेंजर इकाई छात्र-छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा-भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने हेतु निरंतर सक्रिय रही है। इकाई द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर, सामाजिक सेवा कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ तथा सामुदायिक सहभागिता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क, सहानुभूति और जीवन कौशल का समुचित विकास हुआ।

रोवर्स के अधिकारी:- प्रो. अरविंद कुमार
रेंजर्स के अधिकारी:- प्रो. रजनी देवी

मुख्य गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ :

1. बाल आश्रम सुजानपुर का सामाजिक भ्रमण

दिनांक 25 जुलाई 2026 को महाविद्यालय की रोवर–रेंजर इकाई ने बाल आश्रम, सुजानपुर का भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आश्रम के बच्चों के साथ संवाद स्थापित किया, उनके साथ शिक्षण-सहयोग, खेलकूद तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित कीं। साथ ही आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर सेवा-भाव को व्यवहार में उतारा।

2. रोवर्स का राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैम्प
   दिनांक 9 से 13 दिसम्बर 2026 तक आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैम्प में महाविद्यालय के रोवर्स. ने भाग लिया। यह गतिविधि रोवर लीडर प्रो. अरविंद कुमार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस कैम्प में रोवर्स ने साहसिक गतिविधियों, टीम-समन्वय, समस्या-समाधान कौशल तथा सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े विभिन्न अभ्यासों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
3. रेंजर निपुण टेस्टिंग कैम्प
   दिनांक 10 से 14 दिसम्बर 2026 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र रिवालसर में रेंजर निपुण टेस्टिंग कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में महाविद्यालय की 8 रेंजर्स ने सक्रिय सहभागिता की। कैम्प का संचालन एवं मार्गदर्शन प्रो. रजनी देवी के पर्यवेक्षण में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने स्काउटिंग-गाइडिंग के विभिन्न आयामों—जैसे प्राथमिक उपचार, गांठें व बंधन, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, सामुदायिक सेवा तथा नेतृत्व कौशल—में दक्षता प्राप्त की।

## रोड सेफ्टी क्लब

कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया। क्लब को गठित करने का उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमो के प्रति करना है । क्लब के द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया ।

प्रभारी :- प्रो अरविन्द कुमार

सह - प्रभारी :- प्रो सरजनी नेगी

- 12-08-2025:- सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों व आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा ।यह रैली महाविद्यालय परिसर से होते हुए नजदीकी गांव डलू तथा सिविल अस्पताल से होते हुए मुख्य बाजार जयसिंहपुर तक निकाली गई ।

- 31-10-2025:- सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- 12-11-2025:- सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता और व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- 20-12-2025:- सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में श्री देशराज डोगरा, ट्रैफिक अधिकारी जयसिंहपुर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देना रहा ।

## प्रहरी क्लब

प्रभारी :- प्रो अरविन्द कुमार

सह - प्रभारी :- प्रो सरजनी नेगी

कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रहरी क्लब का गठन किया गया । इसमें विभिन्न कक्षाओं के 30 छात्र व् छात्राएं प्रहरी क्लब के सदस्य है । क्लब को गठित करने का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना है ।

- 21-07-2025:- प्रहरी क्लब के द्वारा महाविद्यालय में "ड्रग एब्यूज, एंटी रैगिंग एवं पर्यावरण संरक्षण" पर एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता सिविल कोर्ट जयसिंहपुर की न्यायाधीश श्रीमती निकिता ताहिम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्परिणाम, रैगिंग की विधिक रोकथाम तथा पर्यावरण जिम्मेदारियां के प्रति सचेत करना रहा ।
- 28-02-2025:- प्रहरी क्लब के द्वारा महाविद्यालय में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से जयसिंहपुर महाविद्यालय में आयोजित किया गया।इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस बीमारी के प्रति सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करना रहा,साथ ही नशे के बारे में भी जागरूकता फैलाना इस आयोजन का उद्देश्य रहा।

## इको क्लब

प्रभारी :- डॉ आस्था गुप्ता

सह - प्रभारी :- प्रो सरजनी नेगी

इको क्लब या ग्रीन क्लब एक स्वैच्छिक समूह है । जो अपने पर्यावरण के बारे में सीखने और उसे बेहतर बनाने में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देता है । ग्रीन क्लब एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा छात्र और युवा इस मुद्दे के बारे में और अधिक जानने के लिए खुद को संगठित कर सकते हैं, और अपने तात्कालिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्रवाई भी कर सकते हैं । महाविद्यालय में इको क्लब का गठन 15-03 -2021 को किया गया ।

- 23-08-2025:- इको क्लब के द्वारा दो दिवसीय पौधारोपण व स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान और स्नेह में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना भी है।

- 09-10-2025:- इको क्लब के द्वारा दो दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया । यह अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान से महाविद्यालय परिसर में आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना रहा।

- 11-11-2025 :- इको क्लब के द्वारा एक दिवसीय रसोई बागवानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण तथा स्वावलंबन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई ।

## संगणक प्रयोगशाला (कंप्यूटर लैब )

कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय में कॉलेज के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए समुचित कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में महाविद्यालय में दो कंप्यूटर प्रयोगशालाएं है। आज के युग में पढ़ाई किताबों तक ही सीमित नहीं रह गई है । इसलिए आजकल विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए इंटरनेट का सहारा भी ले रहे है । एडवांस टेक्नोलॉजी हमारी एजुकेशन को और अधिक आधुनिक बना रही है। कंप्यूटर लैब में विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए 51 आधुनिक कंप्यूटर और लैपटॉप है, सभी कंप्यूटर इंटरनेट की सुविधा से जुड़े हुए है ।

## कॉलेज वेबसाइट

कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय की अपनी www.gdcjaisinghpur.in वेबसाइट हैं। महाविद्यालय से संबंधित हर जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध रहती है। महाविद्यालय में दाखिले ऑनलाइन माध्यम से की जाने की सुविधा हैं जिससे छात्रों को घर बैठे सटीक जानकारी तुरंत प्राप्त होती हैं तथा हर एक सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध रहती है और मौजूदा कार्यक्रम के बारे में पूर्ण जानकारी दी जाती हैं।
इसके अतिरिक्त विषयों तथा सभी विषयों से संबंधित विभागों व प्राध्यापकों की पूरी जानकारी महाविद्यालय वेबसाइट में मौजूद रहती है। जो छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होती है , जिन्हें कॉलेज से संबंधित किसी भी जानकारी की आवश्यकता होती है।

## महाविद्यालय पत्रिका

विद्यार्थियों की सृजन शक्ति को विकसित करने के लिए एवं उनमें लेखन प्रतिभा जागृत करने उद्देश्य से महाविद्यालय में पत्रिका “ कुंज द्वार ” संस्करण प्रकाशित किया गया एवं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इसका संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

## दृष्टि और लक्ष्य

महाविद्यालय के छात्रों को नवीनतम ज्ञान और बुद्धिमता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य है साथ ही छात्रों के सार्वभौमिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना, ताकि वे अपने चुने हुए कार्य क्षेत्रों में प्रभावी नेतृत्व और योगदान देने में सक्षम बन सकें। कॉलेज का उद्देश्य सभी छात्रों को मानविकी, विज्ञान और वाणिज्य में मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें शैक्षणिक खेल, सांस्कृतिक और पाठ्येतर गतिविधियों को अत्यधिक बढ़ावा देना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। छात्रों में बुद्धिमता और पेशेवर क्षमता विकसित करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का कुशल और प्रभावी तरीके से उपयोग करना महाविद्यालय का मुख्य लक्ष्य हैं। साथ ही महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज से जोड़ना तथा उनके अंदर नैतिक मूल्यों का विकास करना हैं। इस संबंध में संस्थान परिसर में समावेशी माहौल प्रदान कर रहा है और समाज के वंचित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग छात्रों को सुविधा प्रदान करने की पहल कर रहा है।

### भविष्य योजना

महाविद्यालय के पूर्ण विकास के लिए तीनों संकाय (कला , विज्ञान और वाणिज्य) में छात्रों को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की तरफ महाविद्यालय कदम बढ़ा रहा है जिससे कोई भी छात्र तकनीकी सुविधाओं से वंचित न रहे। साथ ही सभी विषयों की कक्षाएं नियमित रूप से चलती रहें और छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम में सभी प्राध्यापक मौजूद रह सकें, ऐसी व्यवस्था की गयी है।
महाविद्यालय स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों पर भी अपना ध्यान केंद्रित किया है,जिसके अंतर्गत बीसीए और पीजीडीसीए के पाठ्यक्रम आरंभ किये गए। साथ ही महाविद्यालय में आज के समय को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रम को शुरू करने का प्रयास कर रही है । जिसमें "हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म" और "रिटेल मैनेजमेंट" जैसे पाठ्यक्रम शामिल रहेंगे, क्योंकि इनको करने के पश्चात छात्रों को सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्र में 100% रोजगार प्राप्त करने के अवसर प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय कला संकाय में संस्कृत व समाजशास्त्र जैसे विषयों को लाने के लिए प्रयास कर रही है जिससे इच्छुक छात्र इस विषयों का लाभ उठा सकेंगे । महाविद्यालय स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के अंतर्गत बीसीए व पीजीडीसीए के छात्रों की संख्या को देखते हुए उनके पाठ्यक्रम को और सुचारू बनाने के लिए दो अध्यापकों के पद को सृजित करेगा यह हमारी अगले सत्र 2026-27 के लिए भविष्य योजना रहेगी, साथ ही महाविद्यालय के लिए केंद्रीय अनुदान राशि हासिल करने के लिए जल्द से जल्द National Assessment and Accreditation Council (NAAC) से Accreditation करवाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। जिसके लिए महाविद्यालय छात्र केंद्रित अभ्यास और गतिविधियों पर कार्य कर रहा हैं।

### धन्यवाद /आभार

अंत में, मै समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से इस समारोह के मुख्य - अतिथि माननीय ई. यादविंद्र गोमा जी ,मंत्री ( आयुष , युवा सेवाएं और खेल , कानून एवं विधि

परामर्श ) हिमाचल प्रदेश सरकार का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद अपना अमूल्य समय देकर हमारे महाविद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन किया व हमारे बीच पधार कर इस समारोह की गरिमा बढ़ाई। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी मैं धन्यवाद करता हूँ।

मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं इस समारोह में पधारे मीडिया कर्मियों का ... आप सभी जन अलग-अलग समाचारों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं लेकिन आप सब की संगठित ताकत, अपनी व्यवसाय के प्रति ईमानदारी, आस्था और मजबूत लेखनी प्रशंसा के काबिल है । मैं विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा कि आपने हमारे संस्थान के प्रति स्नेह और अपनेपन की भावना को बनाए रखा है। हमारे संस्थान की ओर से बहुसंख्यक रूप में समाचार प्रकाशित करने हेतु आपको प्रेषित किए जाते हैं आप निसंकोच और ईमानदारी से अपने-अपने पत्रों में प्रकाशित कर देते हैं। आप सभी का इस समारोह में पधारने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

मैं अपने सभी सहयोगी अध्यापकों एवं कर्मचारियों , महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवी, इको क्लब, रेड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, प्रहरी क्लब , केंद्रीय छात्र संघ, व समस्त विद्यार्थियों का भी धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने अपनी कर्तव्य निष्ठा, अनुशासन और सकारात्मक सहयोग से इस समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में अध्यापक अभिभावक संघ , पूर्व छात्रसंघ , भवन निधि समिति के सदस्यों का भी उनके सक्रिय सहयोग के लिए बहुत बहुत साधुवाद।

धन्यवाद।

जय हिन्द।                                        जय हिमाचल।

तिथि :- .07 मार्च 2026

प्रो. अरुण चंद्र
प्राचार्य
कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय
जयसिंहपुर, काँगड़ा हिमाचल प्रदेश